''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 125 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 06 मई 2025 samachargate@gmail.com





## सेवा का संकल्प बना जन्मदिन : कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

● सागर सिनेमा कार्यालय में आयोजित शिविर में 120 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

● पक्षियों को गर्मी से राहत देने के लिए जलपात्र भी वितरित किए गए



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन के भीतर सेवा कार्यों को अत्यधिक महत्व देती है और विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सामाजिक कार्यों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस के अवसर पर विपुल गोयल के सेक्टर-16 स्थित सागर सिनेमा कार्यालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 120 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर खट्टर जी को सेवा रूपी जन्मदिवस का उपहार दिया।

इस अवसर पर, रक्तदान शिविर में सम्मिलित लोगों के बीच पक्षियों के लिए पानी पीने के पात्र भी वितरित किए गए। सभी लोगों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने घरों की छतों और बालकनियों में जलपात्र लगाकर पक्षियों को गर्मी में राहत प्रदान करें।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी हर उत्सव या अवसर को सेवा-मुखी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। पूर्व में भी यह देखा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा पूरे सप्ताह को सेवा सप्ताह के रूप में मनाती आई है। हाल ही में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अपने जन्मदिवस पर सभी उत्सव कार्यक्रम रद्द कर पुलवामा आतंकी हमले में शहीदों की आत्मा की शांति हेतु हवन-यज्ञ किया था और उसी दिन उनके समर्थकों द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था।

सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर की विशेष बात यह रही कि महिलाओं ने भी समान रूप से भागीदारी निभाई और मातृशक्ति ने पूरे उत्साह के साथ शिविर को सफल बनाया। शिविर में रोटरी क्लब फरीदाबाद द्वारा रक्त संग्रह किया गया और सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, वार्ड-36 के पार्षद कुलदीप सिंह साहनी, जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, वार्ड-35 के पार्षद सचिन शर्मा, वार्ड-37 के पार्षद मुकेश अग्रवाल, वार्ड 14 पार्षद नरेश नंबरदार , वार्ड 33 से पार्षद प्रतिनिधि रिंकू सिलानी, वार्ड 31 के पार्षद प्रतिनिधि कर्ण सिंगला, वार्ड 32 के पार्षद विनोद भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज मित्तल, भाजपा नेता अजीत नंबरदार, पंडित मुकेश शास्त्री सहित स्थानीय नेतृत्व एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## मनोहर लाल खट्टर को हरियाणा के विकास को रफ्तार देने के लिए जाना जाता है : मंजू नागर



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिवस पर मंत्री राजेश नागर द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित आईएमटी कॉलेज में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं का जोश देखते ही बनता था।

आज चंडीगढ़ में कैबिनेट मीटिंग होने के कारण राजेश नागर शहर में मौजूद नहीं थे इसलिए उनकी अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी मंजू नागर ने शिविर का उद्घाटन कर लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को प्रदेश के विकास को गति देने के लिए जाना जाता है। उन्होंने पूरे प्रदेश को समान विकास के मार्ग पर लाकर यह दिखा दिया कि नेतृत्व यदि चाहे तो कोई भी वर्ग विकास से अछूता नहीं रह सकता। आज हरियाणा विकास की नई इबादत लिख रहा है और लोगों ने तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है जो स्पष्ट रूप से दिखाता है कि मनोहर लाल द्वारा लगाया पौधा आज विशाल वृक्ष बन चुका है।

इस बारे में मंत्री राजेश नागर ने फोन पर बताया कि मनोहर लाल खट्टर को राजनीति का संत कहा जाता है। उन्होंने कभी किसी से भेदभाव नहीं किया। वह कभी किसी राजनीतिक दबाव में नहीं आए और उन्होंने प्रशासनिक सुधार के लिए कड़े फैसले लिए। वह सरकार में नये थे लेकिन राजनीति उनके लिए नई नहीं थी। इसलिए उन्होंने प्रदेश की राजनीति को एक नई धार देकर शासन प्रशासन को एक सूत्र में बांधने का काम किया। यही कारण है कि आज पूरा प्रदेश उनके जन्मदिन पर जश्न मना रहा है।

## केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री के जन्मदिन पर पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने जरूरतमंदों को भोजन कराया

### निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने के रूप में जाने जाते हैं पूर्व सीएम



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव द्वारा रोटरी क्लब के तत्वावधान में रोटरी रसोई का आयोजन कर जरूरंद व्यक्तियों को भोजन करवाया। कनीना पंहुची संतोष यादव ने कहा कि मनोहर लाल ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी तथा पारदर्शिता से हरियाणा प्रदेश में विकास कार्य करवाए, उसी के परिणामस्वरूप महेन्द्रगढ़ जिले में भी अभूतपूर्व विकास कार्य हुए। मनोहर लाल खट्टर की बिना पर्ची, बिना खर्ची नीति ने हरियाणा में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और योग्यता आधारित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस नीति के तहत लाखों पात्र युवाओं को नौकरी मिली। जिससे बेरोजगारी दर घटी और सरकार की व्यवस्था में विश्वास बढ़ा। उनकी इस नीति को हरियाणा की राजनीति और समाज में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखी जाती है। उनके जन्मदिन पर रोटरी रसोई का आयोजन कर गरीब और वंचित लोगों को खाना खिलाया। संतोष यादव ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा होती है और इसी सिद्धांत पर चलते हुए उन्होंने अपने जीवन में समाज में हर वर्ग की सेवा की है। मनोहर लाल खट्टर ने 2014 से 2024 तक हरियाणा के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए अनेकों जनकल्याणकारी नीतियां लागू की जिनको आज बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मनोहर लाल ने हरियाणा में डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की। जिनमें डिजिटल हरियाणा और सीएम विंडो सहित अनेकों योजनाएं ऑनलाईन की गई है। सीएम विंडो एक ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली थी, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचा सकते थे। जिसके चलते प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी। विभिन्न सरकारी सेवाओं,जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजना, राशन कार्ड और संपत्ति पंजीकरण, को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आई और आमजन तक सेवाएं आसान हुई। इस अवसर पर संतोष यादव ने उपस्थित लोगों को मनोहर लाल के जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

## पानी पर पंजाब ओछी राजनीति न करे : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**पानी एक प्राकृतिक स्त्रोत और देश की धरोहर है**

**बार- बार विधानसभा में प्रस्ताव पारित करना अनैतिक व भारतीय संघीय ढांचे के खिलाफ है**

**छोटी राजनीति छोड़कर विकास की राजनीति को अपनाए मान सरकार**



समाचार गेट/नरवीर यादव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी के मुद्दे पर पंजाब ओछी राजनीति कर रहा है। इससे पहले भी एसवाईएल मुद्दे पर पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया और सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को दर किनार किया। पानी प्राकृतिक स्त्रोत है और यह देश की धरोहर है। आज भी हरियाणा के हिस्से का पीने का पानी न देने पर मान सरकार ने पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया, जो अनैतिक है और भारतीय संघीय ढांचे के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री आज हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक के उपरांत पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज पंजाब विधानसभा में पारित प्रस्ताव सिख समाज के दसो गुरूओं द्वारा दिखाए मार्ग के खिलाफ है। मान सरकार को गुरूओं के वचन को निभाना चाहिए और बिना शर्त पानी छोडना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व आप पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बाबा साहिब के पवित्र संविधान का सम्मान करे। संविधान की पुस्तक गांव गांव लेकर घुमते है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब विधानसभा में पारित प्रस्ताव की हरियाणा मंत्रिमंडल ने घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि 1966 से पहले पंजाब व हरियाणा एक ही था। मान साहब इस प्रकार की छोटी राजनीति छोडकर विकास की राजनीति को अपनाए और पंजाब के लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि पंजाब में जो भी राजनीतिक दल रहे है पंजाब के लोगों ने एक -एक को जवाब दिया है।

मुख्यमंत्री ने मान सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जिस प्रकार पंजाब के लोगों ने कांग्रेस को लाइन में खडा कर दिया उसी प्रकार आप को भी खडा कर देंगे। आज पंजाब विधानसभा में बीबीएमबी को भंग करने के सम्बंध में पारित किए गए प्रस्ताव पर पुछे गए एक प्रश्न के उतर में मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबीएमबी लोकसभा से पारित एक स्वायत निकाय है और केंद्र सरकार के अधीन है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार न तो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को मानता, न सविधान को मानता और भारतीर संघीय ढांचे की अवेहलना करता है। एक सिस्टम है उस पर देश चलता है। उन्होंने पंजाब के नेताओ से आग्रह किया है कि गुरूओं ने जो रास्ता दिखाया उस पर मान सरकार को चलना चाहिए।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, सुचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के.एम पांडुरंग, मीडिया सचिव श्री प्रवीण अत्रे भी उपस्थित रहे।

## नाके पर वाहन जांच करते समय पुलिस को हाथ लगी चोरीशुदा बाइक

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस टीम ने नाका लगाकर वाहन जांच करते समय एक चोरीशुदा बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी को भी हिरासत में लिया है। बाइक चोरी के आरोपी की पहचान रामबीर वासी ताजपुर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने दौंगड़ा अहीर बस अड्डा से बाइक चुराने की वारदात को कबूल किया है। कनीना सदर पुलिस थाना ईंचार्ज सज्जन कुमार वशिष्ठ ने बताया कि इस बारे में मुंडिया खेडा निवासी देव प्रकाश ने बीती एक मई को बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। सांय करीब साढे आठ बजे वह सब्जि लाने के लिए दौंगड़ा अहीर बस अड्डा गया था, सब्जी लेकर वापिस लौटा तो उसकी बाइक वहां पर नही मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू की थी।




## इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर पर लगे रिश्वत मांगने के आरोप

### रिश्वत न मिलने पर सर्वेयर द्वारा क्लेम केस में ऑब्जेक्शन लगाने के जडे आरोप



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना निवासी नरेश कुमार ने पांच महीने पूर्व मारुति इको गाड़ी खरीदी थी। जिसका फाईनेंस एनआई इंश्योरेंस कंपनी से करवाया गया था। पिछले दिनों आए तेज अंधड से उसकी गाड़ी पर पेड़ टूट कर गिर गया था। जिससे उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसकी सूचना उन्होंने इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारियों को दी थी। कंपनी के सर्वेयर अमन कुमार ने अपने कर्मचारी भेज कर गाड़ी का सर्वे करवाया था। जीरो डेपरिसेशन इंश्योरेंस होने से गाड़ी को कैशलेस ठीक करवाने के लिए कम्पनी के कोसली स्थित वर्कशॉप में भेजा गया। जहां इंश्योरेंस कंपनी की रिपोर्ट पर गाड़ी को ठीक करवाने के लिए उसका सामान भी मंगवा लिया गया। लेकिन अब इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर अमन कुमार ने कोसली वर्कशॉप में ई-मेल संदेश भेजकर गाड़ी को ठीक करने से मना कर दिया। पीड़ित नरेश कुमार ने कम्पनी सर्वेयर अमन कुमार पर रिश्वत मागें के आरोप लगाए हैं। रिश्वत नहीं देने के चलते उन पर अनावश्यक ऑब्जेक्शन लगाकर खडे कर दिए हैं जिससे गाडी ठीक नहीं की जा रही है। पीड़ित नरेश कुमार ने बताया कि इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों के द्वारा उन्हें रंजिशवश ऑब्जेक्शन लगाकर परेशान किया जा रहा है। ईधर एनआई कंपनी के सर्वेयर अमन कुमार ने बताया कि उन्होंने सर्वे करके गाड़ी को वर्कशॉप में भिजवा दिया था। नरेश कुमार से कुछ जानकारियां मांगी गई है तब तक गाड़ी के कार्य को ठीक करने के लिए होल्ड पर रखा गया है। रिश्वत लेने के लगाए गए आरोप बेबुनियाद एवं निराधार है।



# संपादकीय

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन के फैसले पर क्या करेगी बीजेपी?

राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा और कांग्रेस में अनगिनत मुद्दों पर मतभेद हैं लेकिन जब भी बात पश्चिम बंगाल की आती है तो दोनों पार्टियों के स्थानीय नेता एक ही सुर में बोलते हुए नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में नेता चाहे कांग्रेस पार्टी के हो या फिर भारतीय जनता पार्टी के, दोनों ही एक ही सुर में राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते रहते हैं। पश्चिम बंगाल में दोनों ही दलों के स्थानीय नेताओं का यही आरोप रहता है कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और ममता बनर्जी सही तरीके से सरकार चला नहीं पा रही है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

बीजेपी की केंद्र में सरकार होने के बावजूद राज्य भाजपा के नेता लगातार पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करते रहते हैं। बीजेपी के पश्चिम बंगाल प्रदेश के नेता पिछले कुछ वर्षों के दौरान, कई बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर चुके हैं।

हालांकि कई वजहों से केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व में चल रही एनडीए गठबंधन की सरकार ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने से बचती रही है। दरअसल, बीजेपी को सबसे बड़ा डर यह सताता रहता है कि अगर उनकी केंद्र सरकार ने ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगा दिया तो विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की फिर से जीत सुनिश्चित हो जाएगी।

यही वजह है कि राज्य की सरकार पर हिंसा करवाने, बीजेपी नेताओं पर हमला करवाने, विरोधी नेताओं पर हमला करवाने, हिंदुओं पर हमला करवाने और कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने जैसे गंभीर आरोप लगाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य में राष्ट्रपति शासन नहीं लगाना चाहते हैं।

लेकिन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की एक रिपोर्ट ने केंद्र सरकार की दुविधा को बढ़ा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राज्यपाल ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में प्रदर्शन के दौरान मुर्शिदाबाद इलाके में हुई हिंसा की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी गई रिपोर्ट में राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कट्टरपंथ और उग्रवाद की दोहरी समस्या राज्य के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। रिपोर्ट में बांग्लादेश के साथ लगते पश्चिम बंगाल के दो जिलों- मुर्शिदाबाद और मालदा में हालात भयावह तौर पर खराब होने का जिक्र किया गया है।

राज्यपाल ने सीधे तौर पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश तो नहीं की है लेकिन यह जरूर लिख दिया है कि अगर राज्य में स्थिति और ज्यादा बिगड़ती है तो केंद्र संविधान के अनुच्छेद-356 के प्रावधानों को लागू करने पर विचार कर सकती है।पश्चिम बंगाल में वर्ष 2026 यानी अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है। बीजेपी जोर-शोर से चुनाव की तैयारियों में जुटी हई है। पार्टी आलाकमान का यह दावा है कि इस बार बीजेपी राज्य में सरकार बनाने जा रही है। लेकिन इससे पहले ही राज्यपाल की इस रिपोर्ट ने पार्टी के आला नेताओं की दुविधा को बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार को चलाने वाले नेता अब तक अपने ही नेताओं की पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को खारिज करते रहे हैं लेकिन राज्यपाल की इस रिपोर्ट के बाद अब ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को इतनी आसानी से नकारा नहीं जा सकता।


## ध्यानार्थः

हिन्दी दैनिक समाचार गेट एंव city24news.in द्वारा कवरेज की गई आपकी खबरों को आप यहां नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके भी देख सकते हैं।

अगर आप हिन्दी दैनिक समाचार गेट की प्रिंट कॉपी लेना चाहते हैं तो आप फरीदाबाद ओल्ड रेड लाइट पर न्यूज पेपर स्टॉल से एंव गोपाल न्यूज पेपर एजेंसी अंबेडकर चौक बल्लभगढ से प्राप्त कर सकते हैं।

न्यूज पोर्टल पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://city24news.in/

फेसबुक पर देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें
https://www.facebook.com/city24news.in

ई-पेपर देखने के लिए इस लिंक पर देखें
https://city24news.in/e-paper

आप अपनी खबर अथवा सूचना भेजने के लिए
samachargate@gmail.com
या 9818180269 पर भी भेज सकते हैं।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**समाचार गेट**
को TITLE CODE : HARHIN11569

**आवश्यकता है**

- हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
- उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
- ग्रामीण संवाददाता
- फोटोग्राफर
- विज्ञापन प्रतिनिधि

इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503


मनोहर लाल के जन्मदिवस पर विशेष

# हरियाणा की राजनीति के चौथे बड़े लाल बने मनोहर

**समाचार गेट/ब्यूरो**

कहते हैं मेहनत और किस्मत जब दोनों मिल जाती हैं तो कोई भी मंजिल मुश्किल नहीं रहती। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में कद्दावर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर मेहनत और किस्मत का संगम है। यहां कहना गलत नहीं होगा कि मनोहर लाल का एम मेहनत है तो खट्टर का के किस्मत का प्रतीक है। मनोहर लाल खट्टर मध्यमवर्गीय किसान परिवार से आते हैं। उनका आरम्भिक जीवन गांव देहात के माहौल में गुजरा है। बाद में उनके परिवार ने खेती करना आरंभ कर दिया और सब्जी उगाने लगा। मनोहर लाल खट्टर उन दिनों परिवार के साथ ही काम करते थे। वे खेत से सब्जी तोड़ते और फिर उन्हें उठाकर साईकिल पर लादकर रोहतक की सब्जी मंडी लेकर जाते थे और मंडी में सब्जी पहुंचाने के बाद ही वे स्कूल जाते थे। इतना संघर्षमयी जीवन और डॉक्टर बनने की चाहत ऐसे में खट्टर पढाई में बहुत अच्छे थे। उनकी गणित पर अच्छी पकड़ थी। मनोहर लाल बचपन में बहुत कम बोला करते थे। वे स्वभाव से गंभीर थे। उनके पिता उन्हें व्यापारी बनाना चाहते थे। लेकिन उनकी किस्मत में तो राजयोग लिखा था। इस राजयोग को पूरा करने के लिए उन्होंने बड़ा संघर्ष किया और मेहनत और किस्मत के दम पर 10 साल हरियाणा के मुख्यमंत्री बनकर रहे और उसके बाद अब केंद्र सरकार में ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्रालय संभाल रहे हैं।

दूसरे अनेक लोगो की भांति खट्टर भी किशोर अवस्था में आगे की दिशा को तय नहीं किया था। दसवीं पास करने के बाद वे दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दूकान चलाने लगे। उनके बड़े भाई ने सब्जी बेचकर खट्टर को पढ़ाया। खट्टर का परिवार बुरी तरह से गरीबी झेल रहा था। यही कारण था कि उन्होंने दूकान चलाने का निर्णय लिया। दिल्ली में रहते-रहते खट्टर दिल्ली विश्वविद्यालय से पढाई करने लगे। यहीं से वह आरएसएस से जुड़ गए। वे संघ के नियम को कड़ाई से पालन करते थे और अपने जीवन को देश के लिए लगाना चाहते थे।

मनोहर लाल खट्टर का जन्म 5 मई 1954 को रोहतक के निंदाणा गांव में हुआ था। उनका परिवार पाकिस्तान से आकर यहां बसा था। कुछ साल बाद परिवार ने पास के गांव बनियानी में खेती की जमीन खरीद ली और वहीं रहने लगा। हजारों विस्थापित परिवारों की तरह मनोहर के परिवार को भी आजीविका के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

उनके पिता और दादा शुरुआती दिनों में मजदूरी करते थे। बाद में उन्होंने निंदाणा गांव में दुकान खोल ली। मनोहर लाल के पिता हरबंस लाल चाहते थे कि बेटा खेती में उनका हाथ बंटाए, लेकिन बेटे की इच्छा डॉक्टर बनने की थी। रोहतक के नेकीराम कॉलेज से 10वीं करने के बाद मनोहर आगे की पढ़ाई और मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी के लिए एक रिश्तेदार के पास दिल्ली चले गए। रिश्तेदार की दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दुकान थी।

मनोहर लाल खट्टर बताया करते हैं कि 'रोहतक मेडिकल कॉलेज में एक नंबर से मैं चूक गया। मेरा दाखिला नहीं हो पाया। इसके बाद मैंने एम्स और आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए तैयारी शुरू कर दी, लेकिन इनका एंट्रेंस टेस्ट भी मैं पास नहीं कर सका। एक परिचित मुझे गोवा में डोनेशन पर प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन दिला रहे थे। 30 हजार रुपए डोनेशन लग रहा था। जब उन्होंने घर में डोनेशन की बात बताई तो सबने मना कर दिया। उनके पिता का कहना था कि इतने पैसे में तो तुम अपना काम शुरू कर सकते हो। इसके बाद उन्होंने पिताजी से 15 हजार रुपए लेकर दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दुकान खोली।

### संघ से जुड़ने के लिए करना पड़ा संघर्ष

मनोहर ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए किया है। पढ़ाई के दौरान ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए और 1977 में संघ से जुड़ गए। 1979 में प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद की सभा में उनकी मुलाकात संघ के कई पदाधिकारियों और परिषद के संतों से हुई। धीरे-धीरे संघ के प्रति उनका लगाव गहरा होता गया। बाद में वे संघ के फुल टाइम प्रचारक बन गए। खट्टर ने 1979 में तय किया कि उन्हें संघ प्रचारक बनना है। उसी साल उनके छोटे भाई जगदीश ने बीकाम पास किया। मनोहर लाल ने उससे कहा- तुम्हारी पढ़ाई अब ठीक-ठाक हो गई है। अब मेरे साथ बिजनेस संभालो। भाई ने कहा कि आपका बिजनेस तो चलता रहेगा, मुझे कोई नया बिजनेस करा दो। उस समय तक संघ को लेकर उन्होंने अपनी प्लानिंग के बारे में किसी को बताया नहीं था। छोटे भाई से कहा कि एक साल तक मेरे साथ बिजनेस संभालो। बाद में तुम्हें अलग करना होगा तो अलग कर लेना। इसके बाद व्यापार के साथ साथ लगातार संघ में सक्रिय रहे। फिर अपने छोटे भाई को बिजनेस सौंप कर संघ प्रचार के लिए निकल गए। जब मनोहर लाल प्रचारक बने तो घर वालों को लगता था कि तीन साल बाद लौट आएगा। तीन साल पूरा होने के बाद पिता जी ने अक्सर कहना शुरू कर दिया कि अब घर लौट आओ, लेकिन वह हर बार मना कर देता। मनोहर लाल भाई-बहनों में बड़े थे तो शादी का दबाव भी उन पर बढ़ रहा था। फिर उन्होंने पिता से जिद करके छोटे भाई की शादी करा दी। तब मनोहर लाल को लगा कि अब पिता जी समझ जाएंगे कि वो लौटना नहीं चाहता, लेकिन वे लगातार लौटने के लिए कहते रहे। मनोहर लाल जी ने एक बार बताया कि एक दिन उन्होंने कठोर मन से पिता जी से कह दिया कि आपके पांच बेटे हैं। दिल्ली में इतनी भीड़ है, ट्रैफिक है, इधर-उधर से गाड़ियां आती-जाती रहती हैं। टक्कर लगती है और जान चली जाती है। हम 13 दिन उसे याद करते हैं और फिर भूल जाते हैं। क्या आप ये नहीं सोच सकते कि आपके पांच नहीं चार ही बेटे हैं। पिता जी ने कहा कि ठीक है आज के बाद मैं तुझे वापस आने के लिए नहीं कहूंगा।'

### हाजिर जवाब मनोहर लाल

बात 1994 की है। जगाधरी में संघ शिक्षा वर्ग चल रहा था। आखिरी दिन सरसंघचालक रज्जू भैया का भाषण चल रहा था। तभी प्रांत प्रचारक जी मनोहर लाल के पास से गुजरे। उन्होंने मनोहर लाल से कहा, हम सोच रहे हैं कि आपको बीजेपी में संगठन मंत्री के रूप में भेजा जाए। उन्होंने बहुत कैजुअल तरीके से बताया तो मनोहर लाल ने भी मजाक के अंदाज में पूछ लिया कि ये सीटी आपको दे दूं या प्रार्थना करा लूं। इस पर उन्होंने कहा कि तुम्हें इतनी भी क्या जल्दी है। तब मनोहर लाल ने कहा कि मुझे जल्दी नहीं है, लेकिन आपको ये बात बताने के लिए अभी ही समय मिला था क्या।

### जब मनोहर लाल बोले, यह डेढ़ लाख का कर्ज में कैसे चुकाऊंगा

1994 में मनोहर लाल को संघ से प्रदेश भाजपा का संगठन महामंत्री बनाया गया। उनके कार्यभार संभालते ही उन्हें बताया गया है कि प्रदेश पार्टी पर करीब डेढ़ लाख रुपए का कर्जा है। अब इसे आपको ही उतारना है। इस पर खट्टर ने हैरान होकर पूछा यह कर्ज कैसे हो गया? तो उन्हें बताया गया कि नए प्रदेश अध्यक्ष रमेश जोशी ने लोन पर एक कार खरीदी है। खट्टर को पार्टी चलाने की ज्यादा जानकारी नहीं थी और उस पर आते ही कर्ज के बारे में पता चल गया तो परेशान हो गए। उस समय सुषमा स्वराज हरियाणा की प्रभारी थी। मनोहर लाल ने सुषमा स्वराज से इस बारे में बात की। तब सुषमा स्वराज ने उन्हें कहा कि पार्टी अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी का थैली भेंट कार्यक्रम करवाओ। इस कार्यक्रम में जितना पैसा चंदे के तौर पर आएगा उसका 15% प्रदेश फंड में आएगा। इस कार्यक्रम से प्रदेश भाजपा को करीब साढे तीन लाख रुपए मिले और लोन चुकता हो गया।

### जब मनोहर लाल ने खाई कसम

यह 1999 की बात है। हरियाणा में भाजपा और हरियाणा विकास पार्टी के गठबंधन की सरकार थी। चौधरी बंसीलाल मुख्यमंत्री थे। एक दिन भाजपा के संगठन मंत्री मनोहर लाल मुख्यमंत्री बंसीलाल से मिलने गए। कुछ देर बाद सीएम ने मैसेज भिजवाया, 'भाजपा के संगठन मंत्री हमारी पार्टी के संगठन मंत्री से मिल लें। मुझसे मिलने की जरूरत नहीं है।' भाजपा के संगठन मंत्री को ये बात चुभ गई। उन्होंने कसम खाई कि जब तक बंसीलाल की सरकार नहीं गिरेगी, तब तक वे अपनी दाढ़ी नहीं कटाएंगे। 22 जून को भाजपा ने समर्थन वापस ले लिया। 25 जून को फ्लोर टेस्ट हुआ। कांग्रेस की मदद से तब बंसीलाल ने सरकार तो बचा ली, लेकिन अगले ही महीने कांग्रेस ने भी समर्थन वापस ले लिया। 24 जुलाई को बंसीलाल की सरकार गिर गई। भाजपा के संगठन मंत्री मनोहर लाल खट्टर का संकल्प पूरा हुआ। उसके बाद ही उन्होंने दाढ़ी कटवाई।



### पहली बार विधायक बने मनोहर बने मुख्यमंत्री

1999 में मनोहर लाल ने बंसीलाल की सरकार गिराने की कसम खाई थी। इसके 15 साल बाद हरियाणा में भाजपा को अपने बलबूते बहुमत मिला। उस समय रामबिलास शर्मा, अनिल विज, कैप्टन अभिमन्यु और ओमप्रकाश धनखड़ जैसे नाम मुख्यमंत्री पद के लिए चल रहे थे। मनोहर लाल ने हरियाणा लोकसभा के लिए चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए हरियाणा में भाजपा को पहली बार 10 में से सात लोकसभा सीटों पर जीत दिलवाने का काम किया था। इस जीत के बाद वह हरियाणा में सक्रिय हुए और इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा को अपने बलबूते सत्ता में लाने का काम किया। जब सीएम चुनने की बारी आई तो भाजपा हाईकमान ने पहली बार विधायक बने मनोहर लाल के नाम पर अपनी मोहर लगा दी। इसके बाद मनोहर लाल लगातार 10 साल मुख्यमंत्री बने रहे। हर कोई इस बात से हैरान था कि मनोहर लाल का नाम कैसे आ गया? लेकिन उनका नाम आ चुका था। बाद में सभी को पता चला कि मनोहर लाल की नरेंद्र भाई मोदी से गहरी दोस्ती है।

### मनोहर को कंप्यूटर सिखाया था मोदी ने

यह किस्सा अपने आप में बड़ा रोचक है। यह किस्सा खुद मनोहर लाल खट्टर ने एक बार सार्वजनिक किया था। मनोहर लाल कंप्यूटर के जानकार हैं। मनोहर लाल को कंप्यूटर सिखाने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। यह बात 1996 की है। जब मनोहर लाल की पहली बार मुलाकात नरेंद्र भाई मोदी से रोहतक में हुई। वह एंबेसडर कार से आए थे। आते ही उन्होंने एक लड़के को गाड़ी में से डिब्बे निकालने को कहा। डिब्बे खोले गए। तब नरेंद्र भाई मोदी ने पूछा, मालूम है यह क्या है? मनोहर लाल ने जवाब दिया छोटे टीवी जैसा लग रहा है। तब नरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि यह कंप्यूटर है। इससे बहुत से काम किए जा सकते हैं। उन्होंने इंटरनेट और ईमेल के बारे में भी बताया। मनोहर लाल के लिए यह नई चीज थी इसके बाद उन्होंने कंप्यूटर सीखा फिर इतनी रुचि हो गई कि आगे उन्होंने एक लैपटॉप ले लिया और उस पर पार्टी का काम करने लगे। कंप्यूटर में इसी रूचि का परिणाम था कि उन्होंने सत्ता में आने के बाद हर काम कंप्यूटराइज्ड करने का किया।

### मोदी, मनोहर और बाइक

1996 में नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी बनाए गए। इसी दौरान उनकी मुलाकात खट्टर से हुई। 11 मार्च 2024 को मोदी ने एक सभा में बताया था कि वे जब हरियाणा के प्रभारी थे तो मनोहर लाल खट्टर की बाइक पर पीछे बैठकर घूमते थे। 2002 में मनोहर को जम्मू- कश्मीर का प्रभारी बनाया गया। इसी साल गुजरात में भी चुनाव होने थे। तब तक नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम बन चुके थे। उन्होंने मनोहर को कच्छ जिले में इलेक्शन मैनेजमेंट करने बुलाया। दरअसल, 2001 के भूकंप के बाद हुए राहत कार्यों से इलाके के लोगों में असंतुष्टि और आक्रोश था, लेकिन मनोहर के चुनाव अभियान से भाजपा ने 6 में से 3 सीटें हासिल कीं। इस जीत पर मोदी ने कहा कि ये सीटें हमारे लिए बोनस हैं। 2004 में मनोहर को दिल्ली और राजस्थान सहित करीब 12 राज्यों का प्रभारी बनाया गया। उन्होंने आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक बालासाहेब आप्टे के साथ 'चुनाव सहायक योजना' पर भी काम किया। इसके बाद उन्हें पांच राज्यों- जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। मनोहर के प्रभारी रहते ही भाजपा ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में पहली बार 11 सीटें जीती थीं।

### व्यवस्था परिवर्तन का दूसरा नाम मनोहर

जब मनोहर लाल मुख्यमंत्री बने तो हरियाणा अव्यवस्थाओं का शिकार था। हरियाणा में सीएलयू, बदली और भर्ती ऐसे उद्योग थे, जिनमें मोटी कमाई की जाती थी। नेता, अधिकारी, कर्मचारी और सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ता इन उद्योगों के संचालक थे। जनता की गाढ़ी कमाई लूट ली जाती थी। सरकारी नौकरी लगने के लिए या तो धरती बेचनी पड़ती थी या फिर जेवर। जिसके पास कुछ नहीं था वह सरकारी नौकरी लगने की बात सोच भी नहीं सकता था। इस व्यवस्था को देखकर मनोहर लाल के मन में तड़प थी। हरियाणा की इस बदसूरत को वही व्यक्ति बदल सकता था जिसके दिल में पैसे का मोह न हो। मनोहर लाल ने इस व्यवस्था को बदलने का संकल्प लिया और उसे बदल कर दिखाया। जहां पहले हर रोज नौकरी के नाम पर पैसे लिए जाने के मुकदमे हरियाणा में दर्ज होते थे। आज हरियाणा में ऐसे मुकदमों की संख्या शून्य पर आ गई है। प्रदेश की जनता आज यह मानती है कि इस व्यवस्था को केवल मनोहर लाल ही बदल सकते थे और किसी नेता में यह को कुव्वत नहीं थी। हरियाणा में बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरी आज भी पूरे देश में एक उदाहरण है। प्रदेश की जनता इस कार्य के लिए मनोहर लाल का हमेशा आभार व्यक्त करती रहेगी।

### जब विरोधी के समर्थक ने दिया समर्थन का भरोसा

अभय राम दहिया मनोहर लाल जी से जुड़ा एक किस्सा बताते हैं। उनके खट्टर से भी अच्छे संबंध हैं। दहिया बताते हैं, मैंने मनोहर लाल खट्टर को फोन करके पूछा कि वे कहां से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने जवाब दिया कि आप बताइए। मैंने कहा- आप पंचकूला आ जाइए, मैं आपकी पूरी मदद करूंगा। इस पर खट्टर ने कहा- चुनाव लड़ने से पहले एजेंसियों से सर्वे करवा रहा हूं। अगर पंचकूला पर विचार किया जाता है तो मैं आपकी मदद जरूर मांगूंगा।

### दानवीर मनोहर

मनोहर लाल खट्टर ने पहले करनाल विधानसभा से चुनाव लड़कर विधानसभा में दस्तक दी और उसके बाद करनाल से ही लोकसभा का चुनाव लड़ा और लोकसभा पहुंचे। मनोहर लाल खट्टर को करनाल क्यों पसंद आता है? इसके पीछे बड़ा कारण है कि करनाल दानवीर कर्ण की नगरी है और मनोहर लाल खट्टर भी किसी दानवीर से कम नहीं हैं। आज जब कोई व्यक्ति किसी को आसानी से कुछ नहीं देता है। एक-एक इंच जमीन के लिए झगड़े होते हैं। मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री रहते रोहतक के निंदाणा गांव वाले अपने घर को दान कर दिया।

### मनोहर सरकार का दूसरा नाम- पारदर्शी और डिजिटल प्रशासन (ई-गवर्नेंस)

मनोहर लाल खट्टर, जो 2014 से 2024 तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे, ने अपने कार्यकाल के दौरान कई जनकल्याणकारी नीतियां लागू कीं। मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा में डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल कीं, जैसे डिजिटल हरियाणा और सीएम विंडो।

सीएम विंडो में यह एक ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली थी, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचा सकते थे। इससे प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी। विभिन्न सरकारी सेवाओं,जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, राशन कार्ड और संपत्ति पंजीकरण, को ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आई और सेवाओं तक पहुंच आसान हुई।

### कृषि और किसान कल्याण

हरियाणा एक कृषि-प्रधान राज्य है, और खट्टर सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लागू कीं। मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को धान जैसे जल-गहन फसलों की जगह वैकल्पिक फसलों (जैसे मक्का, बाजरा) की खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि भूजल स्तर को संरक्षित किया जा सके। केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को हरियाणा में प्रभावी ढंग से लागू किया गया, जिसके तहत छोटे और सीमांत किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता दी गई।

फसल नुकसान के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बढ़ावा दिया गया, और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान किसानों को त्वरित मुआवजा प्रदान करने की व्यवस्था की गई।

### शिक्षा और कौशल विकास

खट्टर सरकार ने शिक्षा और युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया। इस योजना के तहत युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर प्रदान किए गए। मेधावी छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान की गई ताकि वे इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में सफल हो सकें। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को हरियाणा में मजबूती से लागू किया गया, जिससे लिंगानुपात में सुधार हुआ और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा मिला।

### स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा

खट्टर सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्राथमिकता दी। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया गया।

राज्य सरकार ने इस योजना के तहत गरीब परिवारों को अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ प्रदान किए, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो आयुष्मान भारत के दायरे में नहीं आते थे।

### वृद्धावस्था पेंशन

वृद्धजनों, विधवाओं, और दिव्यांगों के लिए पेंशन योजनाओं को मजबूत किया गया, और पेंशन राशि में वृद्धि की गई। खट्टर ने अंत्योदय के सिद्धांत को अपनाते हुए समाज के सबसे कमजोर वर्गों के उत्थान पर जोर दिया। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी गई ताकि उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी हो सकें।

### मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना

इस योजना का उद्देश्य राज्य के सबसे गरीब परिवारों की पहचान कर उन्हें स्वरोजगार और आर्थिक सहायता प्रदान करना था। गरीब परिवारों को मुफ्त या रियायती दरों पर राशन उपलब्ध कराया गया, और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को डिजिटल बनाकर पारदर्शी किया गया।

### @ बिना पर्ची-खर्ची के कारण तीसरी बार फिर बनी भाजपा सरकार, मनोहर नीतियों से बेरोजगारी दर में कमी

मनोहर सरकार के कार्यकाल में बिना पर्ची, बिना खर्ची (बिना सिफारिश, बिना रिश्वत) की नीति को लागू करके सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और योग्यता आधारित भर्ती प्रक्रिया को बढ़ावा दिया। इस नीति का उद्देश्य भ्रष्टाचार, सिफारिश और रिश्वतखोरी को समाप्त कर मेधावी युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करना था। मनोहर लाल खट्टर की बिना पर्ची, बिना खर्ची नीति ने हरियाणा में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और योग्यता आधारित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस नीति के तहत लाखों युवाओं को नौकरी मिली, बेरोजगारी दर घटी और व्यवस्था में विश्वास बढ़ा। यह नीति हरियाणा की राजनीति और समाज में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखी जाती है। खट्टर की नीतियों के परिणामस्वरूप हरियाणा में बेरोजगारी दर 2023 तक 6.5% तक कम हो गई, जैसा कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सर्वेक्षण में उल्लेखित है। इसके अलावा, सरकार ने निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान दिया और नई कंपनियों को हरियाणा में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। इस नीति ने गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों में विश्वास जगाया, क्योंकि उनके बच्चे बिना किसी सिफारिश के नौकरी प्राप्त कर सके। मनोहर सरकार ने जातीय और क्षेत्रीय भेदभाव को खत्म कर सभी समुदायों को समान अवसर प्रदान किए। मनोहर सरकार की नीतियों ने हरियाणा में भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाया, जिससे पार्टी को 2024 में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में मदद मिली। मनोहर सरकार ने 2021 में हरियाणा कौशल रोजगार निगम की स्थापना की, जिसका उद्देश्य ठेका आधारित सरकारी नौकरियों में भी पारदर्शिता लाना था। इस निगम के तहत एक लाख से अधिक को कर्मचारियों को विभिन्न विभागों में नियुक्त किया गया।

### जैसे मोदी के मनोहर वैसे ही मनोहर के नायब

12 मार्च 2024, मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने सुबह चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुलाई। इसमें समर्थक निर्दलीय विधायकों को भी बुलाया गया, लेकिन जजपा विधायक इसमें शामिल नहीं थे। बैठक के बाद मनोहर लाल खट्टर सभी मंत्रियों समेत राज्यपाल से मुलाकात करने निकले। करीब 11.30 बजे खबर आई कि खट्टर सरकार ने इस्तीफा दे दिया है। इससे साफ हो गया कि भाजपा और जजपा गठबंधन टूट गया है। खट्टर के इस्तीफा देने के साथ ही नए सीएम के नाम पर भी चर्चा शुरू हो गई। उसी शाम नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। सैनी उस समय कुरुक्षेत्र से लोकसभा सांसद थे। सैनी को सीएम बनाने की एक अहम वजह यह थी कि खट्टर और सैनी के बीच भी ऐसा ही रिश्ता है, जैसा पीएम मोदी और खट्टर के बीच है। नायब सैनी से मनोहर लाल खट्टर की करीबी लगभग दो दशक पुरानी है।

### मनोहर लाल को नया दायित्व

13 मार्च शाम करीब 7 बजे भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की। मनोहर लाल को करनाल से उम्मीदवार घोषित किया गया। चुनाव जीतने के बाद मोदी सरकार 3.0 में उन्हें ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों का मंत्री बनाया गया।


## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।



# साड़ी की है बात निराली

छह गज का बिना सिला कपड़ा बुनकरों और डिजाइनरों के लिए एक कैनवास की तरह होता है। साड़ी केवल एक परिधान नहीं है, बल्कि यह एक पूरा ताना-बाना है। यानी एक ऐसा धागा जो अनेक सपनों का साक्षी है। जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। सदियों से अपने रूप, डिजाइन और कढ़ाई के लिए प्रसिद्ध साड़ी के स्वरूप में भी आज के समय में परिवर्तन आ गया है। बदलती जीवनशैली और आधुनिकता ने अन्य चीजों की तरह इसके स्वरूप पर भी असर डाला है। भारी-भरकम कांजीवरम और बनारसी की जगह हल्की डिजाइनर साड़ियों ने ले ली है। पहले हर समारोह में जहां जरी के काम वाली भारी साड़ी पहनना अनिवार्य ही नहीं शुभ भी माना जाता था, वहीं आज दादी-नानी की उस धरोहर ने अपनी जगह अलग एक संदूक में बना ली है तो दूसरी ओर सिंथेटिक साड़ियां अलमारियों में पहुंच गई हैं। यहां तक कि कल की महिलाएं जो अपनी कांजीवरम की साड़ियों में अपनी खूबसूरती को निहारती थी, अब वे भी सिक्वेंस वर्क की जार्जेट, शिफॉन साड़ी पहनने लगी हैं। एक जमाना था जब हर स्त्री के पास कांजीवरम, बनारसी, जामावार और पैठनी की साड़ियां अवश्य हुआ करती थीं। आज ब्लाउज के फैशन में जो बदलाव आया है, उसने साड़ी को वेस्टर्न टच में बदलने को उकसाया है। सबसे ज्यादा बदलाव कढ़ाई व डिजाइन में आया है। पहले भारी कढ़ाई की साड़ियों पर ज्यादातर जरी का काम किया जाता था पर अब जरी की जगह सिक्वेंस, क्रिस्टल व बीड्स ने ले ली है। यही वजह है कि आज साड़ियां पांच सौ से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक में उपलब्ध है।

## कांफिडेंस और लुक

आप जब घर से निकलती हैं, तो क्या अपने लुक को लेकर काफी कांसस रहती हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने ड्रेसकोड में थोड़ा सा परिवर्तन कर अपने दोस्तों में कांफिडेंस के साथ इंज्वाय कर सकती हैं। आप अपने ड्रेस डिजाइन को परिवर्तित कर अपने को आकर्षक और ग्लैमरस बना सकती हैं। इसके लिए आपको वेस्टन ड्रेस का भी सहारा लेने की कोई जरूरत नहीं है, आप भारतीय ड्रेस से ही अपने को आकर्षक बना सकती हैं। इसके लिए आप इंडियन आर्ट, अच्छे कट्स और फिटिंग वाले कपड़े का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा आप ब्राइट फ्रेश टोन अजमा सकती हैं। इसके साथ ही आप अपने कपड़ों को नये लुक के अलावा इनके रंगों पर भी ध्यान दे, जिनमें आप ब्लैक, ग्रे, व्हाइट के साथ थोड़ा-सा सिल्वर कलर का यूज करें तो बेहतर होगा। ये कभी फैशन सर्किट से बाहर नहीं होते। यदि आप डेनिम जींस पहनने की शौकीन हैं, तो इसे नीचे से थोड़ा मोड़ दें। साथ में ऐसे जूते पहनें, जो सभी तरह के मौसम के लिए उपयुक्त हों।





# प्रैग्नेंसी में रखें खुद का ख्याल

**प्रैग्नेंसी में नन्हें मेहमान के आने की जितनी ज्यादा खुशी होती है, उससे भी ज्यादा इस बात का फिक्र सताता है कि आने वाला बच्चा हैल्दी हो। इस लिए मां का खास ख्याल रखा जाता है क्योंकि उसी से बच्चे को पूरा पोषण मिलता है।**

अगर मां में ही पोषक तत्वों की कमी होगी तो भविष्य में इसका असर बच्चे पर भी पड़ेगा। कैल्शियम, आयरन, विटामिन, खनिज पदार्थ, फाइबर, पोटाशियम आदि से भरपूर आहारों का सेवन गर्भावस्था में बहुत जरूरी है। इसी से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बीमारियों से भी उसका बचाव रहेगा। शरीर में इस समय हॉर्मोंस का परिवर्तन होने से मां का मूड बदलना स्वभाविक है। इससे उसे बहुत सी परेशानियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी का समय एंज्वाय करने के लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

### ऐसे करें स्किन केयर

गर्भावस्था में पेट और स्तन का आकार बढ़ने से स्किन पर खिंचाव के निशान पड़ जाते हैं। जिससे स्किन पर धारियां और गहरे भूरे रंग की लकीरें पड़ने का डर रहता है। इसके लिए अपनी मर्जी से दवाइयों खाने की गलती न करें। खास तरीकों से ही अपनी स्किन की केयर करें।

- प्रेग्नेंसी में त्वचा खुष्क होने लगती है इसलिए नहाने से पहले सरसो या फिर जैतून के तेल से शरीर की मसाज करें। मसाज हमेशा हल्के हाथों से करें। इससे त्वचा में नमी बरकरार रहेगी और त्वचा पर पड़े दाग-धब्बे भी दूर हो जाएंगे।
- पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना बहुत जरूरी है। इससे स्किन और सेहत दोनों अच्छी रहेंगी
- स्ट्रेच मॉस्क पर दवाइयां लगाने की बजाए नारियल का तेल लगाएं। इससे किसी तरह की एलर्जी भी नहीं होगी और दाग के निशान भी गायब हो जाएंगे।

### कपड़े पहने स्टाइलिश

गर्भावस्था के समय मां जितना खुश रहेगी बच्चा भी उतना ही हैल्दी रहेगा। गर्भवती महिला का स्मार्ट बनकर रहना बहुत जरूरी होता है। ड्रेसिंग स्टाइल भी आपकी खुशी को व्यक्त करने का काम करता है। इस समय टाइट कपड़े पहनने से परहेज करें। इससे बच्चे की ग्रोथ होने में आसानी होगी।

- स्टाइलिश मैक्सी ड्रैस पहनने में आरामदायक होती हैं।
- डार्क रंग के कपड़ें इस समय मन को खुशी देते हैं।
- फ्लोरल या फिर कॉर्टून प्रिंट के आउटफिट्स बहुत अच्छे लगते हैं।

### सेहत के रखें ख्याल

संतुलित आहार खाना इस समय बहुत महत्वपूर्ण होता है। फल, सब्जियां, दूध, सूप आदि समय-समय खाना बहुत जरूरी है। एक बार खाने की बजाए 2-3 घंटे में कुछ न कुछ खाना चाहिए।

- रोटी, ब्रेड, चावल, साबुत अनाज को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इन चीजो से आपको प्रोटीन मिलता है। इस समय प्रोटीन का सेवन बहुत जरूरी होता है।
- दूध, पनीर, अंडे, छाछ को भी आहार में शामिल करें। दूध से एलर्जी है तो छोले, राजमा, जई, बादाम, सोया दूध और सोयाबीन पनीर का भी खा सकते हैं।
- फलों का जूस पीने से साथ-साथ फल चबाकर खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। यह शरीर में ऊर्जा का स्तर बनाए रख सकते है।

**लड़के अगर कुछ फैक्टर्स के बल पर लड़कियों को पसंद करते हैं, तो इस मामले में लड़कियां भी कोई कम नहीं है। लड़कों को पसंद करने के उनके अपने कायदे है और वे खुद से बेटर पोजिशन वाले को जल्दी पसंद कर लेती है। इसके लिए वे कुछ ऐसी बातों तक को इग्नोर कर देती हैं, जिनसे समझौता आमतौर पर मुश्किल होता है।**





# लड़का चाहिए खुद से सुपीरियर

मशहूर दार्शनिक फ्रायड ने कहा था कि उन्हें इस बात का जवाब कभी नहीं मिला कि एक औरत अपनी जिंदगी से क्या चाहती है। कुछ ऐसी ही उधेड़बुन से आपको आज की ज्यादातर महिलाएं भी जूझती दिख जाएंगी। बेशक, इस कन्फ्यूजन के केंद्र में शादी और उससे जुड़े सवाल ही अहम रहते है। ऐसे में यह सोचना कि महिलाएं फाइनैंशियल तौर पर पुरुषों पर निर्भर नहीं होना चाहती, पूरी तरह से सच नहीं है। आज की महिलाएं भी बेहतर कैरियर से ज्यादा खुशहाल परिवार का सपना देखती हैं। हालांकि, इस बात को खुले तौर पर मानने में उन्हें थोड़ी हिचक होती है। जी हां, तमाम स्टडी से यह बात साबित हुई है। अक्सर देखा भी गया है कि लड़कियां बॉयफ्रेंड को शादी के लिए मना कर देती हैं। उनका कहना होता है कि वे अपने कैरियर में आगे बढ़ना चाहती हैं और अभी सेटल होने के बारे में नहीं सोच रही हैं। लेकिन, हायर डिग्री वाले या फिर हाई इनकम वाले वेल-सेटल्ड लड़के के साथ उनका रवैया ऐसा नहीं रहता। ऐसे पुरुष के साथ शादी के प्रपोजल को वे झट मान जाती हैं। इसी तरह की एक रिसर्च से जुड़ीं लंदन स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स की रिसर्चर कैथरिन हाकिम बताती हैं, 'दुनिया भर में विमिन इम्पॉवरमेंट की बातें लगभग 40 साल से चल रही हैं। ऐसे में बस हाउसवाइफ बनने की बात को महिलाएं स्वीकार नहीं पातीं। अगर यह बात उनके मन में होगी, तो भी वे दकियानूसी कहलाए जाने के डर से यह बात नहीं कहेंगी। हालांकि, हमारे आसपास ऐसी तमाम महिलाएं हैं, जो फाइनैंशल मैटर्स के लिए अपने पार्टनर पर डिपेंड रहना चाहती हैं।' गौर करने वाली बात यह है कि उम्र ज्यादा होने पर भी महिलाएं ऐसे साथी के सपने संजोए रहती हैं, जो हर लिहाज से उनसे आगे हो। रिसर्च के दौरान देखा गया कि कई यूरोपियन देशों की उम्रदराज महिलाएं भी शादी के लिए तभी तैयार हुई, जब उन्हें अपने से ज्यादा धनवान और पढ़े-लिखे पुरुष मिले। ब्रिटेन में लगभग 50 साल पहले हुई एक रिसर्च में 20 फीसदी महिलाएं अपने से ज्यादा पढ़े-लिखे पुरुष से शादी करना चाहती थीं, वहीं पिछले दशक में ये आंकड़े 38 फीसदी तक पहुंच चुके हैं। यही पैटर्न पूरे यूरोप, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में भी नोट किया गया। जाहिर है, तेजी से वेस्टर्न कल्चर में ढल रहीं इंडियन मेट्रोज की महिलाएं भी इस राह पर हैं।

### सोच का रहता है असर

हालांकि इस रिसर्च को लेकर महिलाओं की राय अलग-अलग है। जहां, कुछ इससे सहमत नजर आती हैं, वहीं कुछ को इसमें दम नजर नहीं आता। एक एचआर फर्म में बतौर हेड काम कर चुकीं श्रुति सिंह कहती हैं। 'मैंने लव मैरिज की और हाल में अपनी जॉब से रिजाइन दिया है। दरअसल, मेरे पति को पांच साल के लिए लंदन की एक आईटी कंपनी में जॉब मिली है और मैं उनके साथ जाना चाहती हूं। मेरा फैसला इमोशंस और जिम्मेदारी से लिया गया है। इसमें उनके पैकेज की बात कहीं नहीं है। फिर वहां जाने पर भी मैं पढ़ाई या जॉब कर सकती हूं।' वैसे, बैंक प्रोफेशनल निहारिका जोशी ऐसे मैच को बेस्ट ऑप्शन मानती हैं। उनका कहना है, 'जिंदगी में घर और ऑफिस की दुधारी तलवार पर लटकने से क्या मिलेगा? आपको घर की जिम्मेदारी तो निभानी ही होगी, तो अच्छा है कि ज्यादा पैकेज वाले पुरुष से शादी की जाए। इस तरह न तो बॉस की धौंस सहनी पड़ेगी और एक स्टैंडर्ड के घर का आराम भी मिलेगा।' इस बात का एक और पहलू मीडिया प्रोफेशनल गौरी कपूर सामने रखती हैं। वह कहती हैं, 'हर सफल पुरुष ऐसी बीवी चाहता है, जो अपने लेवल पर सफल हो। इसलिए महिलाओं से जुड़ी इस रिसर्च में मुझे खास दम नहीं लग रहा है।' गुड़गांव की एक फूड बेवरेज फर्म में काम करने वाले गौरव कपूर की बात से यंग जेनरेशन की अप्रोच एकदम क्लीयर हो जाती है। बकौल गौरव, 'मैंने अपनी गर्लफ्रेंड से साफ कह दिया है कि जब तक मैं सीनियर मैनेजर की पोस्ट पर नहीं आ जाता, सेटल होने का सवाल ही नहीं उठता है। इससे उसे भी कोई ऐतराज नहीं है, क्योंकि उसकी फैमिली को भी तो ऊंची पोस्ट का दामाद पसंद आएगा।' उनका कहना है कि हाई सोसाइटी की तमाम महिलाएं अपने पार्टनर के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर तक को इसी वजह से इग्नोर कर देती हैं।

## ....अब तो बदल जाओ

कालांतर से वर्तमान तक मानों आरोप-प्रत्यारोप ही इसकी जीवनी हो। सबने इसके आचरण पर दाग लगाए, यहां तो एक सामान्य स्त्री क्या सीता को भी नहीं बख्शा गया। वाह रे दुनिया! इसकी नियति में क्या है, यह एक प्रश्न ही रहेगा? इसने सबको इज्जत दिया, सम्मान दिया और बदले में इसे मिला क्या सिर्फ और सिर्फ बदनामी, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या। आखिर ऐसा इसी के साथ ही क्यों? अपवाद को छोड़ दिया जाए, तो असल जिंदगी में लोग बेस्ट हाफ बनाना तो चाहते हैं पर बनना नहीं चाहते। चाहे लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज। अरेंज मैरिज में लड़की अपने ससुराल वालों की शर्तों पर जिंदगी गुजारती होती है। बहू पढ़ी-लिखी और नौकरी वाली चाहिए, पर जिंदगी वह जीए ससुराल वालों के मुताबिक।





# काम को आसान बना देंगे ये स्मार्ट ट्रिक्स

हाउस वाइफ ही नहीं बल्कि वर्किंग वुमन्स का भी किचन के साथ गहरा रिश्ता होता है। वैसे तो गृहणीयां खाना बनाने से लेकर किचन में हर में माहिर होती है लेकिन इसके बावजूद भी कई बार उन्हें काम करते समय कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण काम में देरी हो जाती है। किचन से जुड़ी छोटी-मोटी बातों के बारे में हर औरत को पता होना चाहिए, ताकि वो अपने काम को और भी आसान बना सके। आज हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स बताने जा रहें है, जिनकी मदद से आप अपने काम को और भी आसान बना सकते है। ये शानदार किचन ट्रिक्स आपका काम आसान करने के साथ-साथ खाने का स्वाद भी बढ़ जाएगा।

- बादाम या टमाटर छिलने के लिए पहले उन्हें 5-10 मिनट तक पानी में उबाले। इससे इनके छिलके आसानी से निकल जाएंगे।
- प्याज को काटने और लहसुन को छिलने से पहले उसे 10 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इससे प्याज काटते समय आंसू नहीं आएंगे और लहसुन के छिलके भी आराम से उतर जाएंगे।
- सूखे मेवे या ड्राईफ्रूट्स को काटने से पहले 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इससे यह सॉफ्ट हो जाएंगे और आप इन्हें आसानी से काट सकेंगी।
- मशरूम को कभी भी पानी से न धाएं। क्योंकि यह पानी को सोख लेते है और कपाते समय पानी छोड़ देते है, जिससे सब्जी का टेस्ट खराब हो जाता है। इसकी बजाए आप मशरूम को गीले कपड़े से साफ करें।
- अगर आप पनीर बना रही है तो उसमें थोड़ा-सा ऑयल लगा दें। इससे यह बर्तन के साथ चिपकेंगे नहीं।
- शहद की शुद्धता पता लगाने के लिए उसकी कुछ बूंदे कांच की बोतल या गिलास में डालें। अगर शहद तले पर बैठ जाए तो शुद्ध है और अगर वो पानी में मिक्स हो जाए तो मिलावटी है।
- अगर आप बिरयानी या कोई ग्रेवी वाली डिश बना रही है तो उसमें दही डालने से पहले अच्छी तरह फेंट लें। इससे खाने का स्वाद बढ़ जाएगा। इसके अलावा सब्जियां उबालने के बाद इसके पानी को दाल बनाने में इस्तेमाल करें। इससे दाल का स्वाद दोगुना हो जाएगा।
- चावल पकाने से पहले उससे अच्छी तरह से धो लें। इससे चावल में मौजूद स्टार्च निकाल जाएगा और चावल पकने के बाद चिपचिपा नहीं होगा। इसके अलावा चावल की खीर बनाते समय बर्तन में पहले थोड़ा-सा पानी डाल दें। इससे दूध बर्तन के तले पर नहीं चिपकेगा।
- फलों को काटने के बाद उसके उपर अच्छी तरह से नींबू छिड़ककर फ्रिज में स्टोर करें। इससे फल पूरा दिन ताजे रहेंगे और इनका रंग भी खराब नहीं होगा।

# अगर आप भी अभी नया-नया रिश्ता बना रहे है...

जब कोई लड़का या लड़की नए-नए रिलेशन में पड़ते है तो वह हर वक्त एक-दूसरे से बातें करने का बहाना ढूंढते रहते है। हर वक्त मैसेज के जरिए एक-दूसरे से बाते करने लगते है लेकिन नए रिश्ते में लड़की को अधिक मैसेज करने से आपका बना हुआ रिश्ता टूट भी सकता है क्योंकि कोई भी लड़की शुरूआत में अपनी लाइफ में किसी दूसरे की दखलअंदाजी पसंद नहीं करती। इसलिए ऐसे में लड़कों को थोड़ा सावधानी बरत कर लड़की को मैसेज करने चाहिए।

### अधिक मैसेज न करें

पहली डेट के बाद लड़की के साथ बातचीत बढ़ाना अच्छी बात है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसके बार-बार मैसेज करके टंग करते रहे। अधिक मैसेज करने से भी रिश्ता जुड़ने से पहले ही टूट सकता है। इसलिए मैसेज करने पहले इस बात का खास ध्यान रखें।

### देर रात मैसेज न करें

दिन के समय मैसेज करके थोड़ी-बहुत बात करना तो ठीक है लेकिन देर रात तक लड़की को कभी मैसेज न करें। इससे लड़की नाराज भी हो सकती है और आपसे दूरियां भी बना सकती है।

### शराब पीने के बाद

नया रिश्ता जोड़ रहे है तो कोई भी गलती करने से पहले दस बार जरूर सोचें। इसके अलावा अगर आप ड्रिंक भी करते है तो शराब पीने के बाद लड़की को कभी मैसेज न करें क्योंकि ड्रिंक करने के बाद कोई भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाता और कोई न कोई गलती कर बैठता है।

### क्रोधित होने भी न करें मैसेज

कहते है कि गुस्सा बहुत बुरी चीज है। गुस्सा आने पर इंसान कोई होश नहीं रहता है कि वह किसे क्या बोल रहा है। इसलिए बेहतर होगा कि जब आप गुस्से में हो तो किसी लड़की को मैसेज न करें। क्योंकि उस वक्त आपको खुद नहीं पता होता है कि आप क्या बोल रहे है।

### मैसेज में सवाल-जवाब कम करें

पहली डेट के साथ अगर लड़की के साथ मैसेज पर बात कर भी रहे है तो उसके साथ ज्यादा सवाल न करें क्योंकि इससे उसे गुस्सा भी आ सकता है और वह आपसे चिढ़ भी सकती है।





# अच्छी रोमांटिक फिल्मों की कमी पर बोले आर माधवन

आर माधवन हाल ही में फिल्म केसरी चैप्टर 2 में नजर आए थे। फिल्म में उन्होंने नेविल मैकिनले का किरदार निभाकर हर किसी का दिल जीत लिया। इस फिल्म के बाद अब माधवन आप जैसा कोई फिल्म में नजर आएंगे। इसी फिल्म के एक इंटरव्यू के दौरान जब आर माधवन से रोमांटिक फिल्मों को लेकर एक सवाल पूछा गया तो एक्टर ने जवाब में शाहरुख की तारीफ की और कहा कोई भी शाहरुख खान जैसा नहीं कर सकता.....

रोमांटिक फिल्मों को लेकर माधवन की राय न्यूज 18 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, आर माधवन जल्द ही नई फिल्म आप जैसा कोई में नजर आने वाले है, जो एक प्रेम कहानी है, जिसमें वे फातिमा सना शेख के साथ नजर आएंगे। माधवन का मानना है कि वृद्ध पुरुषों और महिलाओं की प्रेम कहानियां बहुत रोमांटिक होती है, लेकिन ऐसी कहानियां कम बन रही हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्म ऐज गुड ऐज इट गेट्स का उदाहरण दिया और कहा कि भारतीय सिनेमा में ऐसी परिपक्व प्रेम कहानियों का अभाव है।

### कैसी होना चाहिए स्क्रिप्ट

माधवन ने बताया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हाल में कोई यादगार भारतीय रोमांटिक फिल्म नहीं आई। उन्होंने कहा कि उनकी उम्र (55 साल) के लिए उपयुक्त प्रेम कहानियां तो और भी मुश्किल से मिलती हैं। उनके मुताबिक, उनकी पीढ़ी प्यार और रिश्तों की गहराई को बेहतर समझती है, लेकिन अच्छे लेखकों की कमी है जो ऐसी कहानियां लिख सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर प्रेम कहानियां अच्छी तरह से लिखी जाएं, तो वे दर्शकों को जरूर पसंद आएंगी।

### शाहरुख को लेकर कही खास बात

आर माधवन ने शाहरुख की तारीफ की और उनका मानना है कि रोमांटिक फिल्मों के लिए शाहरुख जैसा कोई नहीं है। दरअसल, शाहरुख खान को रोमांस का बादशाह बताते हुए आर माधवन ने कहा कि उनके जैसा रोमांस कोई नहीं कर सकता।

आर माधवन जल्द ही फिल्म आप जैसा कोई में नजर आने वाले हैं। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है और करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म केसरी चैप्टर 2 मे नजर आए थे। केसर 2 में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है।



# दीपिका और मेरे बीच कोई तुलना ही नहीं

अनुष्का शर्मा और दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की दो सबसे मशहूर एक्ट्रेसेस हैं। दीपिका ने साल 2007 में बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था, जबकि अनुष्का ने एक साल बाद 2008 में एक्टिंग की तरफ कदम बढ़ाया। बॉलीवुड में कैटफाइट के कई किस्सों में से एक किस्सा अनुष्का और दीपिका का भी है। अनुष्का शर्मा और दीपिका एक ही शहर से हैं और उन्होंने एक ही कॉलेज, माउंट कार्मेल कॉलेज से पढ़ाई भी की है। अनुष्का ने कहा था कि उन्हें लेकर इतनी गॉसिप हुई हैं कि जब दोनों आमने-सामने मिलती हैं, तो उस समय वास्तव में सिचुएशन ऑकवर्ड हो जाता है।

### अनुष्का और दीपिका की कैटफाइट के किस्से

ये कहानी उन दिनों की है जब अनुष्का और दीपिका की कैटफाइट के किस्से खबरों की सुर्खियां रहा करते थे। अपने काम में माहिर दोनों एक्ट्रेसेस करियर में आगे बढ़ रही थीं। एक बार अनुष्का ने एक इंटरव्यू में दीपिका की खिंचाई की थी और कहा था कि वह लोगों को नीचा दिखाना पसंद नहीं करतीं।

### दीपिका और मेरे बीच कोई तुलना नहीं है

बता दें कि अनुष्का ने कथित तौर पर पहले रणवीर सिंह को डेट किया था जो दीपिका के हसबैंड हैं। वहीं अनुष्का अब क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी हैं। एक इंटरव्यू में अनुष्का शर्मा ने दीपिका पादुकोण के साथ अपने रिश्ते को लेकर कहा था, दीपिका और मेरे बीच कोई तुलना नहीं है। हममें कोई समानता नहीं। हम दोनों अलग-अलग तरह की फिल्में करते हैं। बल्कि, उन्होंने और भी ज्यादा फिल्में की हैं। मैं बहुत ही चुनिंदा रही हूं। मैंने मेरे सामने आए हर रोल को नहीं चुना।

### दीपिका और सोनम पर कॉमेंट

एक पुराने इंटरव्यू में अनुष्का शर्मा से किसी जर्नलिस्ट ने पूछा था कि उन्हें सोनम कपूर और दीपिका पादुकोण की तरह इंडस्ट्री में क्यों नहीं जाना जाता? इस पर अनुष्का ने कहा कि उन्होंने लगातार तीन हिट फिल्में दी हैं और उन्हें उनके टैलेंट के लिए जाना जाता है। दीपिका और सोनम पर कॉमेंट करते हुए अनुष्का ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उन्हें उन दोनों एक्ट्रेसेस की तरह क्यों नहीं पहचाना जाता, लेकिन वह वास्तव में खुश हैं कि उन्हें उनके टैलेंट और काम के लिए लोग जानते है न कि उनके कपड़ों और कॉन्ट्रोवर्सी के लिए।



### हम खुद को कूल कहते हैं लेकिन असल में हम कूल नहीं हैं

एक इंटरव्यू में अनुष्का शर्मा से उनके और दीपिका के बीच कोल्ड वॉर को लेकर सवाल किया गया था। इस पर, एक्ट्रेस ने कहा था कि वो काम करने के लिए इंडस्ट्री में हैं, किसी से लड़ने के लिए नहीं। उन्होंने ये भी कहा था, दीपिका के एक दोस्त ने फोन करके बताया कि वो ये जवानी है दीवानी कर रही है, अनुष्का नहीं। मेरे दोस्त फोन नहीं करते, है न? कश्यप और हिरानी मेरे साथ फिल्में करना पसंद करते हैं। वह अयान और किसी और की पसंद हैं। मैं कभी किसी को नीचा नहीं दिखाती। यही बात मुझे अच्छा बनाती है, है न? मुझे लेकर बकवास करना बंद करो क्योंकि मैं तुम्हारे लिए ऐसा नहीं करती। हम खुद को कूल कहते हैं लेकिन असल में हम कूल नहीं हैं। मैं यह नहीं कह रही कि मैं किसी से बेहतर या खराब हूं। मैं खुद बहुत अच्छी स्थिति में हूं और कोई भी मेरा मजाक उड़ाकर इसे मुझसे नहीं छीन सकता।

अपने ऐड की फीस में कटौती को लेकर बोलीं वहीं एक इंटरव्यू में अपने ऐड की फीस में कटौती को लेकर बोलेत हुए अनुष्का शर्मा ने कहा था, मुझे ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है। मेरे पास काफी सारे ब्रैंड हैं और उनमें से हर एक ने कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया है, उनमें से कुछ ने तीसरी बार ऐसा किया। मुझे नहीं लगता कि और एक्ट्रेसेस के साथ ऐसा हो रहा है। मैं ज़रूर कुछ सही कर रही हूं।



# मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में नजर आएंगे शाहरुख खान?

**बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान अब हॉलीवुड में नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि वह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) का हिस्सा बन सकते हैं। यह खबर सोशल मीडिया पर मार्वल लीक्स नाम के एक्स हैंडल ने दी है।**

### एक्स पोस्ट से फैंस उत्साहित

शाहरुख की तस्वीर के साथ साझा की गई इस जानकारी ने फैंस मे उत्साह जगा दिया। पोस्ट में दावा किया गया है कि शाहरुख और मार्वल स्टूडियोज के बीच एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। हालांकि, यह साफ कर दिया गया कि यह प्रोजेक्ट आगामी फिल्म 'एवेंजर्स- डूम्सडे' का हिस्सा नहीं है। अगर यह खबर सही साबित हुई तो शाहरुख बॉलीवुड के उन चुनिंदा सितारों में शामिल हो जाएंगे जो मार्वल की इस विशाल दुनिया का हिस्सा बने हैं।

### मार्वल के साथ शाहरुख की बातचीत

शाहरुख खान मार्वल स्टूडियोज के साथ एक भविष्य के प्रोजेक्ट के लिए शुरुआती बातचीत में हैं (यह एवेंजर्स-डूम्सडे नहीं है)। इस ट्वीट ने फैंस के बीच हलचल मचा दी। हालांकि, न तो मार्वल स्टूडियोज और न ही शाहरुख की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि हुई है। अगर ऐसा होता है तो फरहान अख्तर, हरीश पटेल, और मोहन कपूर जैसे अभिनेताओं की लिस्ट में शाहरुख खान भी शामिल हो जाएंगे।

### हॉलीवुड सितारों को पसंद हैं किंग खान

मार्वल की फिल्मों में काम कर चुके कई अभिनेता को पसंद शाहरुख खान काफी पसंद है। हाल ही में 'कैप्टन अमेरिका-ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के स्टार एंथनी मैकी ने शाहरुख को अपनी पसंदीदा बॉलीवुड हस्ती बताया था। मैकी ने शाहरुख को कमाल का अभिनेता बताते हुए जमकर तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि वह उनके साथ भारत के किसी द्वीप पर उड़ान भरना चाहेंगे। उनकी फिल्म में हिंद महासागर में एक इटर्नल के उभरने की कहानी दिखाई गई थी, जिसने भारत से एक सुपरहीरो या विलेन के उभरने की संभावना को जन्म दिया था। इसके अलावा डॉक्टर स्ट्रेंज यानी बेनेडिक्ट कंबरबैच भी शाहरुख के टैलेंट की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि शाहरुख जैसे सितारे मार्वल की दुनिया में शानदार योगदान दे सकते हैं। 'मिस मार्वल' सीरीज में कमाला उन्हें अपना पसंदीदा अभिनेता बता चुकी हैं। साथ ही, 'स्वदेस' का गाना 'डेडपूल 2' में भी सुनाई दे चुका है।

### किंग में जल्द आएंगे नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो डंकी के बाद शाहरुख खान जल्द ही किंग में नजर आ सकते हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन और सुहाना खान भी हैं। फिल्म का निर्देशन पठान बना चुके सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। पहले इस फिल्म का निर्देशन सुजॉय घोष कर रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने खुद को इस प्रोजेक्ट से अलग कर लिया।

# भूल चूक माफ के अलावा इन फिल्मों में नजर आएंगी वामिका गब्बी, शुरू हुई शूटिंग



फिल्म भूल चूक माफ 9 मई को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी अहम किरदार में हैं। वामिका गब्बी हिंदी के अलावा पंजाबी और तमिल सिनेमा में नजर आती हैं। वामिका गब्बी इससे पहले जब वी मेट, लव आज कल और मौसम जैसी फिल्मों मे भी नजर आ चुकी हैं। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं कि वामिका गब्बी आगे किन फिल्मों में नजर आएंगी।

### दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग

दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग फिल्म का एलान पिछले साल नवंबर में किया गया था। नवंबर में ही फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी थी। इस फिल्म में वामिका गब्बी के अलावा जया बच्चन, सिद्धांत चतुर्वेदी और स्वानन्द किरकिरे साथ में काम करने वाले हैं। यह फिल्म इमोशनल ड्रामा होगी। इस फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान नहीं किया गया है।

### भूत बंगला

भूत बंग्ला फिल्म साल 2026 में रिलीज होने वाली है। फिल्म के नाम से ही लग रहा है कि यह फिल्म हॉरर होगी। हालांकि यह फिल्म हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म में वामिका गब्बी के अलावा अक्षय कुमार होंगे। इसका निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं।

### किकली

किकली फिल्म पंजाबी फिल्म है। फिल्म का निर्देशन कवि राज कर रहे हैं। फिल्म में वामिका गब्बी के अलावा मैंडी टाखर और जोबनप्रीत सिंह होंगे। इसे जोबनप्रीत सिंह, कमलजीत सिंह और मैंडी टाखर ने लिखा है।

### टीकी टाका

टीकी टाका फिल्म मलयालम फिल्म है। इसकी शूटिंग जारी है। फिल्म का निर्देशन रोहित वीएस कर रहे हैं। फिल्म में असिफ अली, लुकमान अवरान और वामिका गब्बी हैं। फिल्म को फिरोज नजीब, नियोग और यदु पुष्पाकरण ने लिखा है।

### जी2

जी2 तेलुगु फिल्म है। यह जासूसी थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में वामिका गब्बी के अलावा अदिवी सेष, इमरान हाशमी और मधु शालिनी हैं। फिल्म का निर्देशन विनय कुमार श्रीजनी कर रहे हैं। यह फिल्म 2018 में रिलीज हुई फिल्म गुडाचारी की सीक्वल है।



# हम आउटसाइडर के लिए राह आसान नहीं होती

इंडस्ट्री में लगभग 15 साल बिता चुके दर्शन कुमार उन अभिनेताओं में से हैं, जिन्होंने संघर्ष भी खूब किया, मगर उन्हें उस स्ट्रगल का फल भी मिला। कई यादगार फिल्में कर चुका ये अदाकार एक समय छोटे पर्दे पर भी काफी लोकप्रिय रहा। मगर बीते कुछ सालों में दर्शन ने ओटीटी पर सराहनीय काम किया है। आश्रम सीरीज का उजागर सिंह जैसा पॉजिटिव किरदार हो या फिर द फैमिली मैन का नेगेटिव चरित्र मेजर समीर, दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया है।

**एक वो भी दौर था जब इस मायानगरी में आपको कोई जानता नहीं था, मगर अब सोशल मीडिया हो या आम लोग, आपकी फैन फॉलोइंग में काफी इजाफा हुआ है?**

हां, वाकई ये काफी कमाल की यात्रा रही है। हाल ही में मैं फैमिली मैन थ्री की शूटिंग के लिए लंदन में था। हमें भूख भी काफी लग रही थी और हमने काफी अच्छे से ऑर्डर दिया। खा -पी कर जब मैंने बिल देने के लिए होटल वाले को अपना कार्ड दिया, तो वो बोले, मैं उजागर सिंह (आश्रम में उनके किरदार का नाम) से पैसे कैसे ले सकता हूं? वो अच्छा-खासा बिल था। मैंने काफी आग्रह किया, इसके बावजूद उन लोगों ने बिल नहीं लिया। फिर और एक बात हुई। वहां बादाम और मैदे का केक था, जो मैदा होने के कारण मैं खा नहीं सका था, मगर तभी देखता हूं कि होटल वालों ने मेरे लिए खास तौर पर आटे और बादाम का केक बना कर दिया। मैं तो उनके इस जेस्चर से काफी भावुक हो गया। ऐसा मेरे साथ लंदन के कई रेस्त्रां में हुआ, जहां लोग मुझसे बिल के पैसे लेने को राजी नहीं थे। लंदन के एक फेमस क्लब में यही हुआ। हम दस-बारह लोगों ने खाया, मगर होटल वालों को बिल नहीं बल्कि मेरे साथ तस्वीर खिंचवानी थी। आज मैं इंडिया हो या विदेश कहीं भी जाता हूं, तो लोग मुझे बहुत प्यार देते हैं। मगर मैं वो दिन नहीं भूल सकता, जब मैं मुंबई में दर-दर की ठोकरें खाया करता था।

**ऐसा कोई रिजेक्शन जो आप पर बहुत भारी पड़ा हो?**

रोल्स के लिए कई बार नकारे जाने के दर्द से गुजरा हूं, मगर एक रिजेक्शन मुझे सदमा दे गया। बहुत बड़ी फिल्म थी। निर्देशक भी काफी दिग्गज थे। मैं उनका नाम नहीं बताना चाहूंगा, मगर उस मेन रोल के लिए नसीर सर (नसीरुद्दीन शाह) ने मुझे रिकमंड किया था। मैंने ऑडिशन दिया और मैं चुन लिया गया। मैं बहुत खुश और उत्साहित था, क्योंकि उस फिल्म में मुझे एक साथ मुझे पांच कैरेक्टर करने का मौका मिलने वाला था। उस भूमिका के लिए मुझे अपने बाल और दाढ़ी बढ़ानी। थी मैंने पूरे साल भर तक उस रोल के लिए तैयारी की थी। उस दौरान मेरे पास जो रोल आए मैं उनके लिए मना करता चला गया, क्योंकि मैं फिल्म के लिए खास लुक में था। मगर उस वक्त मुझ पर मुझ पर गाज गिर गई, जब एक साल तक लगे रहने के बाद मुझे बुलाकर कहा गया कि हम आपको ये रोल नहीं दे सकते। हम किसी नए कलाकार पर इतना बड़ा दांव नहीं खेल सकते। ये सुनकर मेरे पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। उन्होंने किसी दूसरे एक्टर को कास्ट किया। हालांकि रिलीज के बाद वो फिल्म चली नहीं, मगर मेरा तो एक साल बर्बाद हुआ, मुझे एक रुपया नहीं मिला।

**क्या आपने अपने करियर में इनसाइडर और आउटसाइडर वाली फीलिंग महसूस की है?**

ये तो फिल्म जगत की सचाई है। इनसाइडर को सब कुछ बना-बनाया मिलता है। उनके पास रिसोर्सेज होते हैं और उन्हें पूरी इंडस्ट्री सपोर्ट करती है, मगर हम आउटसाइडर के लिए राह आसान नहीं होती। जब मेरी फिल्म मैरी कॉम आई थी, तो मेरी भूमिका हर अवॉर्ड में नॉमिनेटेड थी। यदि मैं इंडस्ट्री से होता, तो मुझे सम्मानित किया जाता और मैं किसी और मुकाम पर हो सकता था। मेरी जितनी भी फिल्में चाहे एनएच 10, मैरी कॉम, धोखा, कश्मीर फाइल्स हों या वेब सीरीज आश्रम, फैमिली मैन हो, मेरा काम जितना अच्छा रहा है, उसे देखते हुए तो इंडस्ट्री को मुझे सिरआंखों पर बैठाना चाहिए, मगर चूंकि मैं आउटसाइडर हूं, तो मुझे लगातार खुद को साबित करते रहना पड़ता है। मगर एक बात जरूर कहूंगा कि अंत में चलता तो आपका टैलेंट ही है। बड़े निर्देशक चाहते हैं कि वे मेरे साथ फिल्म बनाएं, तो वो भी यही कहते हैं कि आपको लेकर फिल्म बनाना है, मगर बजट ज्यादा बैठ रहा है, निर्माता को रिकवरी की चिंता है। मुझे इंडस्ट्री के सपोर्ट की जरूरत है, निर्माता-निर्देशकों के भरोसे की दरकार है। आज कंटेंट का दौर है। अब मेरी 8 करोड़ की फिल्म (कश्मीर फाइल्स) ने 400 करोड़ कमाए ही न?

**आश्रम में आप एक पॉजिटिव किरदार में यहीं, जबकि द फैमिली मैन में नेगेटिव, आपके अंदर के राम और रावण क्या हैं?**

मेरे अंदर का राम यही है कि मैं बहुत दयालु हूं। असल जिंदगी मैं बहुत इमोशनल भी हूं। सभी को एक समान इज्जत देता हूं। कोशिश करता हूं, किसी का दिल न दुखाऊं। जहां तक मेरे भीतर के रावण की बात है, तो वो है मेरा गुस्सा। मैं जाट हूं और हमारे बारे में कहा जाता है कि प्यार के नाम पर हम अपनी जान भी दे सकते हैं, मगर यदि हमारी इज्जत की बात आए, तो हम मरने-मारने पर उतारू हो जाते हैं। अपने गुस्से पर काबू पाने के लिए मैंने मेडिटेशन शुरू किया है, जिसका मुझे काफी फायदा हो रहा है। कॉलेज के दिनों में इसी गुस्से के चलते कई बार मारपीट कर चुका हूं।

समाचार गेट
HARHIN11560

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) ... प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर 61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: ... शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# रेडक्रॉस भवन में मनाया मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिवस

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** विक्रम सिंह, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व अंकुश मिगलानी, उपाध्यक्ष व महेश जोशी अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार मनोहर लाल खट्टर माननीय केंद्रीय मंत्री, आवास और शहरी मंत्रालय, भारत सरकार के जन्मदिवस के अवसर पर आज रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृष्ण कुमार चोपड़ा, महासचिव मूक बधिर कल्याणकारी संस्था, हरियाणा चंडीगढ़ बत्तौर मुख्य अतिथि उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रक्तदान शिविर के साथ हुआ जिसमे मुख्य अतिथि द्वारा रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की गई। इसके पश्चात नशा मुक्ति केंद्र में पौधा लगाकर आमजन को पौधा लगाने का आवाहन किया तथा भर्ती मरीजों को फल वितरण किये गए। इसी दिन रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के उपाधीक्षक, पुरषोत्तम सैनी का भी जन्मदिन मनाया गया, जिसके तहत रेडक्रॉस में पंजीकृत 70 टी बी के मरीजों को प्रोटीन डाइट प्रदान की गयी तथा लंगर प्रसाद भी वितरित किया गया, बत्रा हॉसपिटल की टीम के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, तथा बी के हॉसपिटल की टीम के द्वारा 40 रक्त यूनिट एकत्रित एकत्रित की गई। उक्त कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया एवं पुरषोत्तम सैनी, उप अधीक्षक ने सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को मनोहर लाल खट्टर माननीय केंद्रीय मंत्री, आवास और शहरी मंत्रालय, भारत सरकार के जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन डॉ एमपी सिंह ने मंच का संचालन किया तथा रक्तदान और अन्नदान को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री को जन्म दिवस की सुभकामनाये दी। केंद्रीय मंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब की प्रधान पूजा जैन तथा उनकी सहयोगी मुक्ता जैन, सुनीता गुप्ता, एकता रमन, शालू गोयल ने गर्मियों को महेनजर रखते हुए रेडक्रॉस नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती मरीजों के लिए सुविधा हेतु 2 कूलर दान स्वरुप भेट किये।



इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सरंक्षक जगदीश सहदेव, विमल खंडेलवाल, महेश गट्टानी, उप सरंक्षक बीरेंदर गौर, सुनील कुमार, सदस्य सी डब्लू सी, अलायंस क्लब के गवर्नर के जी अग्रवाल, योगेंद्र तेवतिया लायंस क्लब डेफोडिल्स, रोटेरियन एच एल भूटानी, अनिल अरोरा लायंस क्लब के गवर्नर,अजय कुमार, सी ए अजीत सिंह पटवा, बीरेंदर नायब तहसीलदार, कमलेश शास्त्री, अजय सोरवंशी, प्रवक्ता दर्शन भाटिया, मीनू कौशल, प्रेम चंद गौर, सिद्धार्थ प्रताप, मिनाक्षी गोयल, लक्ष्य सैनी, संजीव सैनी, बृजेश सैनी, सुभाष सैनी, जितेंदर धर्मबीर, आजीवन सदस्य मनोज बंसल, आर पी हंस, निर्मल गोयल, प्रताप सिंह आजीवन सदस्य, संतोष कुमार सैनी, जसवंत पंवार तथा रेड क्रॉस सोसाइटी से इशांक कौशिक जिला प्रशिक्षण अधिकारी , सुशिल कुमार प्रोजेक्ट मैनेजर, अरविंद कुमार, मनदीप, सुगम, रामबरन, रामकिशोर, अशोक, गुड्डी, कमलेश, रुचि, हितेश, मधु भाटिया, सोनिका एवं अन्य सामाजिक संस्थानों से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे एवं सभी ने पुरषोत्तम सैनी को जन्मदिवस की सुभकामनाये दी।

# श्री श्याम चैरिटेबल हॉस्पिटल का उद्घाटन करने पहुंची बहन चित्रलेखा





**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ तिगांव रोड पर खुला श्री श्याम चैरिटेबल हॉसपिटल, हॉसपिटल का उद्घाटन करने पहुंची बहन चित्रलेखा डायरेक्टर गृह,मंत्रालय, मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जय हिंद मंच, बृजभूषण सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष देव सेना, डॉ. मंजू शर्मा जज, नवीन जय हिंद मंच।

बहन चित्रलेखा ने कहा बढ़ती महंगाई को देखते हुए मध्यवर्गीय परिवारों के लिए, एजुकेशन हेल्प चैरिटेबल ट्रस्ट हलह की तरफ से खोला गया श्री श्याम चैरिटेबल हॉसपिटल जिसमे आधी कीमत में अच्छा इलाज होगा, एजुकेशन हेल्प चैरिटेबल ट्रस्ट एवं हॉसपिटल के संस्थापक महेंद्र गहलावत ने बताया की संस्था द्वारा 2100 रुपए का मेंबरशिप का कार्ड बनाया जा रहा है, जिसमे की 1100 रुपए हलह की और 1000 रुपए हॉसपिटल की मेंबरशिप ले सकते है, यदि कोई व्यक्ति हलह की मेंबरशिप नहीं लेना चाहता है तो वह हॉसपिटल की मेंबरशिप ले सकता है दोनों ही मेंबरशिप एक साल के लिए मान्य होगी, हॉसपिटल की मेंबरशिप कार्ड जिस व्यक्ति के नाम होगा उसको एक साल तक ओपीडी फ्री होगी ओर उस कार्ड में जितने मेंबर जोड़े होंगे उनको 50 प्रतिशत छूट होगी, महेंद्र गहलावत ने बताया यदि कोई व्यक्ति बिना मेंबरशिप के हॉसपिटल आता है तो उनके लिए ओपीडी 100 मात्र रखी गई है, सुरेश शर्मा ने कहा हॉसपिटल का उद्घाटन किया गया है, यह ट्रस्ट का कार्य है आप सबके सहयोग से चलता है यदि कोई भी व्यक्ति सहयोग करना चाहता है श्री श्याम चैरिटेबल हॉसपिटल नियर शमशान घाट तिगांव रोड पर आ सकता है यदि कोई संपर्क करना चाहे तो 9599582169 इस नंबर पर संपर्क कर सकता है, उद्घाटन में आए हुए सभी लोगों का महेंद्र गहलावत चेयरमैन, धरम वीर गहलावत वाइस चेयरमैन, सुमन ट्रस्ट, सुमन शर्मा महासचिव, अर्जुन सिंह सचिव, आशु कोषाध्यक्ष, मोहित सक्सेना मीडिया प्रभारी, सतीश एडवाइजर, दीपक झा, वह सी.ई.ओ. डॉ. राम राजपूत ओर उनकी पूरी टीम ने दिल से धन्यवाद किया और कहा एक बार हमें सेवा का मौका जरूर दे।

# अग्रवाल कॉलेज में बी.कॉम स्नातक के छात्रों के लिए विदाई समारोह किया आयोजित

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज में बी.कॉम स्नातक छात्रों (2024–25 बैच) के लिए एक भावुक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 90 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें उनके कॉलेज जीवन का उत्सव मनाया गया और उन्हें स्नेह पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, साथ ही अपने यादगार अनुभव, उपलब्धियाँ और कॉलेज जीवन की यादें साझा कीं। उन्होंने अपने जूनियर्स को बहुमूल्य सुझाव भी दिए और अपने भविष्य की योजनाओं की झलक प्रस्तुत की। वाणिज्य विभाग की विभागा अधक्ष्या डॉ. शोभना गोयल ने बताया कि विधार्थियों को बड़ों का सम्मान व छोटों से प्रेम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विधार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं जनरल सेक्रेटरी दिनेश गुप्ता के कुशल दिशा निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जयपाल सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निर्णायक मंडली ने छात्रों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. रेखा सैन, डॉ. परवीन गुप्ता, डॉ. डिंपल, श्रीमती पूजा, डॉ. रचना, डॉ. पंकज, सुश्री नेहा और सुश्री नेहा रानी ने सक्रिय भागीदारी की। समारोह का समापन मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल खिताब की घोषणा के साथ हुआ। विदाई समारोह में मिस्टर फेयरवेल श्री विकास तथा मिस फेयरवेल सुश्री अंजलि रहीं। इस समारोह में धन्यवाद ज्ञापन डॉ रेखा सेन ने किया। यह कार्यक्रम उत्साह, उल्लास और भावनात्मक पलों से भरपूर रहा, जो 2024–25 बैच के बी.कॉम छात्रों के लिए एक अविस्मरणीय विदाई बन गया।



# पुलिस का अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, अलग-अलग मामलों में 2 आरोपी गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच ङ्कञ्जस् व क्राईम ब्रांच ष्ठरुस्न की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को 2 देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 04 मई को क्राईम ब्रांच AVTS व क्राईम ब्रांच DLF की टीम ने अपने गुप्त सुत्रो से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्रमश: सरफराज वासी धौज,



फरीदाबाद को गांव धौज से व ब्रिजेश वासी सेहतपुर, फरीदाबाद को पल्ला से देशी कट्टा सहित काबू किया। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शास्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गये हैं। पुछताछ में पता सामने आया आरोपी सरफराज ने देशी कट्टा अपने दोस्त से 2500/–रू में लिया था और बिर्जेश कानपुर किसी शादी में गया था जहां देशी कट्ट पडा मिला था जिसको उसने अपने पास रख लिया। दोनो आरोपियो को पुछताछ के बाद माननीय न्यायलय मे पेश कर जेल भेजा गया है।

# ब्राह्मण सभा ने बनाया भगवान परशुराम का छठी महोत्सव



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** बल्लभगढ़ ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के बाद छठी के अवसर पर भगवान परशुराम की छठी ब्राह्मण समाज द्वारा बड़ी धूमधाम से ब्राह्मण धर्मशाला भीकम कॉलोनी सीही गेट बल्लभगढ़ में और बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसमें हवन बौद्धिक और उसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान में विधायक मूलचंद शर्मा व उनके बड़े भाई भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, भाई भारत भूषण, भाई गिरीश भारद्वाज,अखिल ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बबली, योगेश गोड, टीपी शर्मा,व इस मौके पर ब्राह्मण सभा व शहर के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे प्रोग्राम के आयोजक बृजमोहन वशिष्ठ, ज्ञान देव वत्स, महेश शर्मा, इंद्रजीत पाराशर, सुरेन्द्र पाराशर ,कवि राजेंद्र शर्मा, हेमराज शर्मा ,प्रदीप शर्मा, विनोद शर्मा, राजपाल शर्मा ,मास्टर देवेंद्र गॉड, राधे लाल शर्मा आदि प्रमुख रहे।

# घर में चोरी की नीयत से घुसने व हमला करके चोट पहुंचाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई के जारी है, उसी कड़ी में थाना धौज की टीम ने घर में चोरी की नीयत से घुसने व देखने पर हमला करके चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता आने जानकारी देते हुए बताया कि गांव गोठड़ा मोहब्ताबाद निवासी हितेश ने थाना धौज में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 28 अप्रैल को शाम के समय उसके घर में एक व्यक्ति घुसकर चोरी कर रहा था, जब उसकी घरवाली ने उसे देखा तो घरवाली के कान के कुंडलों को छीन लिया तथा शिकायतकर्ता की घरवाली के हाथ पर चाकू से 2/3 वार किये जिसकी शिकायत पर थाना धौज में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि थाना धौज के टीम ने आरोपी उधम वासी गोठड़ा मोहब्ताबाद को गिरफ्तार



किया है। घायल महिला का मेडिकल कराया गया जिसमें blunt व सिम्पल चोटें तहरीर की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी घर में चोरी करने की नीयत से घुसा था, जब उसको शिकायतकर्ता की घरवाली ने देख लिया गया तो उसने महिला पर हमला कर हाथ में लोहे की पत्ती से चोटें मारी और घर से भाग गया। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलबधि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

इस बारे जानकारी देते हुए एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके उपरंत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं। सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी अवार्ड्सडॉटजीओवीडॉटइन पर देखी जा सकती हैं।


**फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट**
**संपर्क करें: 9811153271**




